# पेयजल पाइपलाइन लीकेज के चलते गंदा पानी सप्लाई पर फूटा गुस्सा

**खास बातें**

- वार्ड के रहवासियों ने सड़कों पर उतरकर किया प्रदर्शन
- एक पखवाड़े में तीन बार लीकेज हुई पेयजल की पाइपलाइन
- वार्ड एक पीरजादापुरा क्षेत्र के बार बार लीकेज हो रही पाइपलाइन



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 19 दिसम्बर, बीते एक पखवाड़े से वार्ड एक के जयस्तंभ चौराहा से पीरजादापुरा क्षेत्र के मेन रोड दीवान गली में पेयजल की पाइप लाईन में बार-बार हो रहे लीकेज के चलते घरों में आ रहे गंदे पानी की सप्लाई से नाराज वार्ड के रहवासियों का शुक्रवार को गुस्सा फूट पड़ा. इस दौरान उन्होंने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया. इस दौरान आक्रोशित वार्डवासियों ने नगरपालिका के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. इस दौरान वार्ड के कई रहवासियों ने कहा कि जब तक पेयजल की पाइप लाइन में सुधार नहीं हो जाता तथा घरों में स्वच्छ पानी की सप्लाई नहीं होती. तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा. मामले की जानकारी मिलने पर नपा के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की. जिसपर वार्डवासियों ने स्वच्छ पेयजल सप्लाई किये जाने की मांग रखी.**

जानकारी के अनुसार वार्ड एक के जयस्तंभ चौराहा से पीरजादापुरा के मेन रोड दीवान गली में बीते एक पखवाड़े में पेयजल की पाइप लाइन में बार-बार लीकेज की समस्या आ रही है. बीते एक पखवाड़े में करीब तीन बार इस पेयजल की पाइपलाइन में लीकेज हो गया है. नगरपालिका एक जगह पाइपलाइन में हुए लीकेज में सुधार कराती है, चंद दिनों बाद दूसरी जगह पाइपलाइन में फिर से लीकेज हो जाता है. बीते एक पखवाड़े में इस पेयजल की पाइप लाइन में करीब तीन बार लीकेज की समस्या आई है. वार्ड के रहवासियों का आरोप है कि पेयजल की पाइप लाइन में बीते एक पखवाड़े में बार बार लीकेज होने से इस पाइपलाइन से जुड़े क्षेत्र के घरों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है. जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं. वही इस बारे में जिम्मेदारों को कई बार जानकारी देने के बाद भी समस्या का स्थाई निराकरण नहीं हो पा रहा है. वही जनप्रतिनिधि भी उनकी समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. एक पखवाड़ा से इस पेयजल की पाइप लाइन में बार-बार लीकेज की समस्या आ रही है. वार्डवासियों का आरोप है कि पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज के कारण घरों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है. वही बार-बार पाइप लाइन में सुधार किए जाने से इस सड़क पर यातायात भी प्रभावित हो रहा है. जिससे लोगों को घरों में आने-जाने में परेशानी हो रही है. इसके बाद उनके द्वारा शुक्रवार से आंदोलन किया जा रहा है. वहीं जब तक इस पाइप लाइन में सुधार नहीं हो जाता तथा समस्या का स्थाई निराकरण नहीं हो जाता, तब तक वह इस आंदोलन को जारी रखेंगे. इस दौरान वार्ड के आक्रोशित रहवासी शुक्रवार को सुबह से ही धरने पर बैठे रहे. इस दौरान नाराज वार्डवासियों ने कहा कि इस क्षेत्र में वार्ड पार्षद भी रहते है, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर किसी जनप्रतिनिधि द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है. वहीं प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इस पेयजल की पाइपलाइन से मंडी रोड, पीरजादापुरा सहित कई क्षेत्रों में पेयजल की सप्लाई होती है. पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज के कारण इन क्षेत्रों में भी गंदा पानी सप्लाई हो रहा है. मामले की जानकारी मिलने पर दोपहर को नगरपालिका के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने वार्ड के रहवासियों से जल्द समस्या का निराकरण कराने की बात कही. जबकि वार्ड के नाराज रहवासी स्वच्छ पेयजल सप्लाई किए जाने की मांग करते दिखाई दिए. इस दौरान सीताराम कोली, रामचरण कुशवाह, शिवाकांत शर्मा, राहुल अहिरवार, गंगाराम अहिरवार, साजिद, संतोष कोली, अजय कोली, पप्पू आदि मौजूद रहे.

## बार-बार हो रही लीकेज पाइप लाइन-वार्डवासी



वार्डवासी सीताराम कोली का कहना है कि वार्ड एक पीरजादापुरा क्षेत्र में बीते एक पखवाड़ा से पेयजल की पाइप लाइन में बार-बार लीकेज हो रहा है. इस पाइपलाइन में लीकेज में एक बार सुधार किया जाता है. चंद दिनों बाद फिर से पाइप लाइन में लीकेज हो जाता है. जिससे बीते 15 दिनों से वार्डवासी परेशान हो रहे है. लेकिन पाइप लाइन में लीकेज की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है. पेयजल की पाईपलाइन में लीकेज से पेयजल की सप्लाई के समय घरों में गंदा पानी आ रहा है. जिसको पीने से लोग एवं बच्चे बीमार हो रहे हैं. वही जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है. जब तक इस समस्या का निराकरण नहीं हो जाता है, तब तक वार्ड के रहवासी धरने पर बैठे रहेंगे.

## पाइपलाइन लीकेज में सुधार के चलते यातायात हो रहा बाधित

इस दौरान वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि बीते कई दिनों से बार-बार इस पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण नगरपालिका द्वारा पाइप लाइन में लीकेज में सुधार किए जाने के चलते सड़क पर गड्ढा खोदे जाने से यातायात भी प्रभावित हो रहा है. इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है. नगरपालिका द्वारा बार-बार पाइपलाइन के लीकेज में सुधार किए के कारण लोगों का सड़क पर से निकलना दूभर हो गया है. जिससे लोगों को घरों में आने-जाने में परेशानी हो रही है.

## क्या कहते हैं नगर पालिका अध्यक्ष



इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू का कहना है कि वार्ड एक में पाइप लाइन में लीकेज की जानकारी मिली है. पहले भी इस पाइपलाइन में दो बार हुए लीकेज को सुधार कराया गया है. इसके बाद फिर से पाइपलाइन मिली लीकेज की शिकायत मिली है. इसको जल्द ही ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है.

## पाइप लाइन में किया जा रहा सुधार



इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू का कहना है कि वार्ड एक के इस क्षेत्र में पूर्व में भी दो बार पेयजल की पाइपलाइन में लीकेज की शिकायत मिलने पर लीकेज को सुधार कराया गया. वही इस पेयजल की पाइपलाइन में एक बार फिर से लीकेज होने की शिकायत मिली है. जिसको जल्द ही सुधार कराया जा रहा है. नपा के इंजीनियर को भी मौके पर भेजा गया है. बीते एक पखवाड़े में पाइपलाइन में बार-बार लीकेज की समस्या आ रही है. पाइपलाइन पुरानी होने एवं लोड पड़ने पर बार-बार लीकेज हो रहा है. इस बार लीकेज में सुधार करने के साथ ही पाइपलाइन लीकेज के पास सीमेंट कंक्रीट करा रहे हैं. जिससे बार-बार लीकेज ना हो. वही पाइप लाइन को साफ कराकर पेयजल सप्लाई की जावेगी.

## पाइपलाइन लीकेज के कारण आ रहा गंदा पानी-वार्डवासी



वार्डवासी रामचरण कुशवाह का कहना है कि बीते कई दिनों से बार-बार पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की समस्या आ रही है. जिसको बार-बार रिपेयर किया जा रहा है. लेकिन फिर भी बार-बार लीकेज हो रहा है. पाइपलाइन में लीकेज के कारण गंदा का पानी आ रहा है. जिसको पीकर बच्चे बीमार हो रहे हैं. जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. वही बार-बार पाइप लाइन में लीकेज सुधार किए जाने के कारण लोगों को सड़क पर आने-जाने में भी परेशानी हो रही है.



# आये दिन केबलों में लग रही आग

## जर्जर विद्युत केबल से बना रहता हादसों का डर

नवभारत न्यूज

**पठारी 19 दिसम्बर**, नगर के बस स्टैंड एवं कई जगह की जर्जर विद्युत केवल जर्जर होने से नागरिकों में हादसों का डर बना रहता है. नगर के कई मोहल्लों में बार बार जर्जर विद्युत केवल में आए दिन आग लग जाती है एवं जल कर टूट जाती है जबकि मुख्य बस स्टैंड की विद्युत केबल इतनी जर्जर हो गई है कि यहां पर आवेदन विद्युत केवल लाइन में आग लग जाती है जबकि यह इलाका भीड़ भाड़ बाला रहता है.यहां बड़े हादसे काटा बना हुआ है यदि विद्युत विभाग जर्जर विद्युत केबल को नहीं बदलते हैं तो बड़ा हादसा हो सकता है वही नागरिकों में भी डर बना हुआ है जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान विद्युत केबल लाईन जलने से नगर में घंटों लाइट बंद रहती है इस संबंध में जब नागरिक बिजली विभाग के कर्मचारियों से लाइट बंद होने को लेकर बात करते हैं तो वह विद्युत केबल फाइल होने की बात करते हैं एवं विद्युत कर्मचारी कहते हैं की जब विद्युत केवल सुधार लेंगे तब लाइट चालू की जाएगी जिससे विद्युत से चलने बाले संबंधित सभी कार्य ठप रहते हैं.लोगों ने बिजली विभाग पर मनमानी का आरोप लगाया कि बिजली विभाग अधिकारी वा कर्मचारी सिर्फ बिजली बिल की राशि वसूलने के लिए आते हैं लेकिन घरों के ऊपर से जर्जर विद्युत केबल लाइन डाली हुई है उसको लेकर ना ही विद्युत विभाग के पास बजट है ना ही इस ओर किसी विद्युत अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नही जाता है. नगर के गंगा राम ,तय्यूब खान ने बताया कि आए दिन जर्जर विद्युत केबल मैं आग लग जाती है और वह जलती रहती है जिससे कभी भी बडा हादसा हो सकता है हादसे को देखते हुए नगर के लोगों ने बिजली कंपनी से नई केबिल लाइन डलवाने की मांग की है.

## मार्केटिंग सोसायटी के सेल्समैन की हार्ट अटैक से मृत्यु

नवभारत न्यूज

**कुरवाई**,मार्केटिंग सोसायटी कुरवाई के सेल्समेन अमित सेन पुत्र धन्नालाल सेन उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पांडोछा, को गत दिवस अचानक सीने में दर्द होने के बाद कुरवाई अस्पताल लाया गया. विदिशा जिला चिकित्सालय ले जाते समय, उनकी मृत्यु हो गई. मार्केटिंग सोसायटी के युवा कर्मचारी की अचानक मृत्यु हो जाने पर शोकसभा आयोजित की गई. शोक व्यक्त करते समय मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष हरि सिंह चौहान, मार्केटिंग मैनेजर इंद्राज सिंह दांगी, अकाउंटेंट विकासजैन, कृषि उपज मंडी समिति कुरवाई के कर्मचारियों, व्यापारी गण, तथा क्षेत्र के किसानों ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया गया.

## संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, जिले में संचालित संस्थाएं शासकीय संस्था बालिका संप्रेक्षण गृह एवं अशासकीय संस्था शिशु गृह, विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशनकृका धारा 54 के अंतर्गत गठित निरीक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया गया.निरीक्षण समिति के अध्यक्ष व अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, सदस्य सचिव व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढा कांसवा तथा समिति सदस्य श्रीमती अनीता तिवारी (जेजेबी सदस्य), अतुल शाह एवं राजेश नाडीवाल (सामाजिक कार्यकर्ता) द्वारा संयुक्त रूप से संस्थाओं का निरीक्षण किया गया है.

# ओवरलोड समस्या का समाधान नहीं हुआ तो तीनों फीडरों के किसान करेंगे चक्काजाम

## आनंदपुर विद्युत क्षेत्र के किसानों का तीसरे दिन भी जन आक्रोश

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर**, आनंदपुर विद्युत क्षेत्र में ओवरलोड की गंभीर समस्या को लेकर किसानों का जन आक्रोश लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा1 नाराज किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो तीनों फीडरों से जुड़े किसान चक्का जाम व उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग एवं प्रशासन की होगी.

किसानों का कहना है कि शासन द्वारा सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली आपूर्ति का नियम निर्धारित किया गया है, लेकिन वर्तमान हालात में मुश्किल से 1 घंटे ही बिजली मिल पा रही है.बिजली की इस अनियमित आपूर्ति के चलते खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं.यदि यही स्थिति बनी रही तो आनंदपुर क्षेत्र के किसानों की फसल बर्बाद होना तय है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा.इस संबंध में नव भारत के संवाददाता ने आनंदपुर विद्युत मंडल के सुपरवाइजर संतोष कुमार बिसौरिया से चर्चा की.उन्होंने बताया कि फीडरों पर लगातार ओवरलोड की वजह से यह समस्या उत्पन्न हो रही है. ओवरलोड के कारण विद्युत विभाग की मशीनें ऑटोमेटिक ट्रिप हो जाती हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती है.उन्होंने आगे बताया कि समस्या के निराकरण के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा वरिष्ठ अधिकारियों को भी स्थिति से अवगत करा दिया गया है. साथ ही आनंदपुर विद्युत विभाग में लोड अपग्रेड करने और बड़ी क्षमता की मशीन लगाने की मांग भी भेजी गई है.उम्मीद है कि वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही इस मांग को स्वीकृति देंगे, जिससे ओवरलोड की समस्या से स्थायी निजात मिल सकेगी.

सुपरवाइजर संतोष कुमार बिसौरिया ने नव भारत के माध्यम से किसानों से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान भाई धैर्य बनाए रखें। विभाग दिन-रात प्रयास कर रहा है कि जल्द से जल्द ओवरलोड की समस्या समाप्त हो और सभी किसानों को समय पर बिजली उपलब्ध कराई जा सके.फिलहाल किसान समाधान की मांग पर अड़े हुए हैं और चेतावनी दे रहे हैं कि यदि बिजली आपूर्ति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

# मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सिरोंज**, मध्यप्रदेश गौ-सेवक मैत्री संघ द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को सौंपा. जिसमें गौ-सेवक एवं मैत्रियों की प्रमुख मांगों को रखा गया. संघ का कहना है कि वह पिछले कई वर्षों से पशु संरक्षण, दुग्ध संग्रहण और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इसके अनुरूप उन्हें न तो पर्याप्त मानदेय मिल रहा है और न ही उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है. ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में गौ-सेवकों को पंचायत स्तर पर दुग्ध संग्रहण एवं संबंधित अभियानों का कार्य सौंपा गया है, किंतु शासन द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि अत्यंत कम है. कई स्थानों पर अल्प मानदेय दिया जा रहा है. जिससे गौ-सेवकों का जीवन-यापन कठिन हो रहा है. संघ ने मांग की है कि सभी गौ-सेवक मैत्रियों को पंचायत स्तर पर एक निश्चित मासिक मानदेय प्रदान किया जाए. साथ ही दुग्ध संग्रहण एवं पशु सेवा से जुड़े कार्यों के लिए स्पष्ट नीति बनाई जावे. इस दौरान सुरेंद्र दिवाकर, सुनील बघेल, किशन लाल, रामनारायण, अरविंद, गोविंद, देवेंद्र, सुमित, प्रहलाद, आकाश, श्याम शर्मा सहित बड़ी संख्या गौ सेवक मौजूद रहे.

## गुलाबगंज में विधायक ने जनसुनवाई में सुनी समस्या

नवभारत न्यूज

**गुलाबगंज**,ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सामुदायिक भवन गुलाबगंज में आयोजित विधायक मुकेश टंडन द्वारा होने वाली जनसुनवाई हुई जिसमें आए हुए आवेदनों का मौके पर ही निराकरण विधायक मुकेश टंडन के द्वारा किया गया साथ ही कुछ आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर निराकरण करने के लिए कहा गया.जनसुनवाई के दौरान 25 आवेदकों द्वारा समस्या विधायक के सामने रखी गई जिसमें नल जल योजना ,रोड,नाली, बिल, कर्मचारियों की लाफरवाही जैसे आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए.प्राप्त आवेदनों को उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी शशि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र जैन, तहसीलदार पलक पीडीहा, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एसडीओ प्रताप ठाकुर एवं अन्य समस्त विभाग के अधिकारियो ने विधायक मुकेश टंडन के निर्देश पर मौके पर समस्या को हल करने का प्रयास किया.इस मौके पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी,पूर्व जनपद अध्यक्ष छत्रपाल शर्मा,जनपद सदस्य जगदीश दांगी,सचिन यादव,सरपंच संघ के अध्यक्ष रामराज दांगी सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ,आकाश खत्री,भाजपा नेता पीयूष शर्मा,रूपेश कुशवाह,विनोद सोलंकी आदि उपस्थित रहे.

◆ शव वाहन / फ्रीज़र
◆ ब्लड ग्रुप लिस्ट
◆ मरीज इलाज उपकरण
◆ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
◆ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए



# विधायक ने दो सड़कों और सामुदायिक भवन का किया भूमि पूजन, सवा करोड़ से होगा निर्माण




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**, विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने ग्राम नहरिया, खजूरी और दैलवाड़ा में सड़क और सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया. यह निर्माण कार्य सवा करोड रुपए की लागत से किया जाएगा.इस दौरान विधायक और भाजपा नेताओं ने प्रदेश और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी.

गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने उदयपुर क्षेत्र के ग्राम दैलवाड़ा, खजूरी और नहारिया में अलग-अलग स्थानों पर भूमि पूजन किया. जिसमें ग्राम दैलवाड़ा में ग्राम दैलवाड़ा से दैलवाड़ा आदिवासी बस्ती तक सड़क का भूमि पूजन किया. बहु प्रतीक्षित सड़क का निर्माण 55 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा. ग्राम खजूरी में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम खजूरी से ग्राम पधार तक सड़क का भूमि पूजन किया. इस सड़क का निर्माण 48 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा. ग्राम नहरिया में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा जिसका भूमि पूजन किया गया. विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार अति संवेदनशील है। जो जन-जन की चिंता करती है और उनके उत्थान और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है. विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सहरिया आदिवासियों की महिलाओं के लिए आहार अनुदान योजना लागू की है. जिसमें सहरिया आदिवासी महिलाओं प्रत्येक महीना 1500 रुपया बैंक खाते में आएंगे.जिससे महिलाएं अपने परिवार के लिए पोषण आहार खरीद सकेंगी.जिससे परिवार को कुपोषण से मुक्ति मिलेगी. इस योजना का सर्वे भी प्रारंभ हो गया है.आपके घर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी और अन्य अधिकारी आएंगे. जो आपसे जानकारी मांगेंगे आप भी सहयोग करें. इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, जनपद पंचायत में विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, दैलवाड़ा सरपंच अनरेश शुक्ला, मुड़री सरपंच श्रीमती गीता रनवीर सिंह, जनपद सदस्य गजराज मैना सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे.

# आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाया जाएगा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**,नगर पालिका परिषद द्वारा जो आउटसोर्स कर्मचारी रखे गए हैं उनमें कुछ कर्मचारियों को हटाए जाने के लिए नोटिस तैयार हो रहे थे जैसे ही कर्मचारियों को जानकारी मिली वह नगर पालिका कार्यालय में एकत्रित हुए और मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा की तथा अनुरोध किया कि उन्हें हटाए न जावे यह गरीब श्रमिक कर्मचारी अपने परिवार का जीवन यापन किसी तरह कर रहे हैं.आउटसोर्स कर्मचारियों में सफाई कामगार, कंप्यूटर ऑपरेटर, तथा अन्य कार्यों में लगे हुए हैं.नगर पालिका परिषद के पार्षदों को इन आउटसोर्स कर्मचारियों की जानकारी नहीं है.इन्हें कहां-कहां लगाया गया है और क्या यह वास्तविक गरीब बेरोजगार हैं कि ठेकेदार के माध्यम से इन्हें लगाया गया है और उन्हें प्रति माह कितना चुकारा किया जाता है इन गरीब आउटसोर्स कर्मचारियों को हटाया न जावे क्योंकि इससे कामकाज प्रभावित होगा नगर पालिका परिषद की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने टैक्स वसूली में तेजी लाई जाए तथा अन्य उपाय किये जावें.शहर की आबादी बहुत तेजी से बड़ी है उस हिसाब से कर्मचारियों की जरूरत है कामकाज भी बड़ा है इन आउट सोर्स कर्मचारियों को नोटिस देने से पहले परिषद की बैठक सम्मेलन होना चाहिए और उसमें सारी स्थिति रखना चाहिए ताकि पार्षदों को यह पता चले की यह आउटसोर्स कर्मचारी किस आधार पर रखे गए थे और अभी हटाने नोटिस क्यों दिया जा रहा है. नोटिस देने से पहले आउटसोर्स कर्मचारियों को किस कर्मचारी ने जानकारी दी.

## शासन के निर्देश पर लिया जायेगा निर्णय-सीएमओ

इस संबंध में सीएमओ पीसी श्रीवास्तव का कहना है कि आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन मिलेगा और आगे टेंडर प्रक्रिया के तहत कर्मचारियों को रखा जाएगा.अभी किसी को हटाया नहीं जा रहा है.शासन से जो निर्देश मिलेंगे उसे हिसाब से निर्णय लिया जाएगा. कितने कर्मचारियों की जरूरत है उस हिसाब से राखे जाएंगे.

**अव्यवस्था** | मेले को गुजरे दो सप्ताह, दुकानदारों की छोड़ी गंदगी से बढ़ा मच्छर और बीमारियों का खतरा

# बौद्ध मेले के बाद गंदगी का अंबार, नालों से उठती बदबू से लोग परेशान



नवभारत न्यूज

**सांची,विश्वविख्यात ऐतिहासिक स्थल सांची में वर्ष में एक बार आयोजित होने वाला बौद्ध मेला तो समाप्त हो गया, लेकिन यह मेला अपने पीछे गंदगी और बदबू की गंभीर समस्या छोड़ गया है. मेले के बाद दुकानदारों द्वारा छोड़ी गई गंदगी नालों में अब भी पड़ी हुई है, जो बदबू फैलने के साथ-साथ नगर की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है.**

जानकारी के अनुसार बौद्ध मेले को समाप्त हुए दो सप्ताह से अधिक का समय बीत चुका है। मेले के आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जाती हैं तथा नगर परिषद द्वारा नियत दरों पर दुकानदारों को स्थान उपलब्ध कराया जाता है. बताया जाता है कि मेला समापन के लगभग एक सप्ताह बाद सभी दुकानें हटा ली जाती हैं, लेकिन उनके पीछे छोड़ी गई गंदगी नालों में ही डाल दी जाती है. हालांकि मेला समाप्ति के बाद नगर परिषद के सफाई कर्मचारी लगातार नगर को साफ-सुथरा बनाने में जुटे रहते हैं और उन्हें दिन-रात सफाई की मशक्कत करनी पड़ती है. इसके बावजूद प्रशासन द्वारा दुकानदारों एवं आगंतुकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में कमी नजर आती है.इसी का परिणाम है कि दुकानदार बेखौफ होकर कचरा नालों में डालकर चले जाते हैं.नालों में लंबे समय तक गंदगी जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है, जिससे नगर में मच्छरों की संख्या बढ़ रही है और विभिन्न बीमारियों के फैलने की आशंका भी गहराती जा रही है. अधिकांश स्थानों पर दुकानें नालों के ठीक पीछे लगाई जाती हैं, जहां आम लोगों या अधिकारियों की नजर कम ही पहुंच पाती है. इसका खामियाजा अंततः नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है और इससे ऐतिहासिक स्थल सांची की छवि धूमिल होने का खतरा भी बढ़ गया है1इस संबंध में नगर परिषद सांची के सीएमओ रामलाल कुशवाहा ने बताया कि मेले के समापन के दौरान पूरी तरह सफाई करवाई गई थी. फिर भी यदि कहीं गंदगी रह गई है तो हम पुन: निरीक्षण कराकर सफाई करवा देंगे.प्रशासनिक दावों के बावजूद, जब तक मेले के बाद की सफाई और दुकानदारों की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक सांची की स्वच्छता और विश्व धरोहर की गरिमा पर सवाल उठते रहेंगे.

## हरेक तहसील को दस लाख का लक्ष्य निर्धारित

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिले में राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी तहसीलों को प्रतिदिन न्यूनतम 10 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य पूरा करना होगा. कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित तहसीलदारों एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए बकाया राशि की वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए.इसके लिए वसूली योग्य प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए और प्रभावी कार्ययोजना बनाकर मैदानी स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.




## जयंती एवं पुण्यतिथि मना कर महापुरुषों को याद किया

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,शहर वाचनालय पाठक संघ ने महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई अर्पित की गई.कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया. महान क्रांतिकारी राजगुरु, भगत सिंह, महान कवि रहीम के व्यक्तित्व एवं कर्तव्य पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महान कवि रहीम के योगदान एवम भगत सिंह एवं राजगुरु द्वारा सैंडर्स के हत्या का महत्व एवम देश के लिए दोनों के बलिदान को प्रेरणादायक बतलाते हुए उनके सिद्धांतों एवं नीतियों को अपने आचरण में उतरने की आवश्यकता पर जोर दिया.कार्यक्रम में प्रकाश नामदेव,। सतीश शिल्पकार,नरेंद्र जैन ,नरेंद्र ओदिचय,नंदकिशोर सोनी ,मोहन सैनी आदि उपस्थित थे.